भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1537
दिनांक 11 फरवरी, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

.....

रसायनों और पेट्रोरसायनों का आयात

1537. श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेलः

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान रसायनों और पेट्रोरसायन का आयात बढ़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का निर्यात बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन को बढ़ाने की कोई योजना है;

(घ) क्या सरकार ने आयात में कटौती करने के लिए आयात शुल्क बढ़ाने की योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क) और (ख): जी हां, पिछले पांच वर्षों के दौरान रसायनों और पेट्रोरसायनों के आयात में वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों से रसायन और पेट्रोरसायन विभाग द्वारा निगरानी किए गए प्रमुख रसायन और पेट्रोरसायन आयात के आंकड़े निम्नानुसार है:

वर्ष	आयात (000 मीट्रिक टन)
2014-15	10105
2015-16	11041
2016-17	11338
2017-18	12345
2018-19	12663

यह देखा जा सकता है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान रसायन और पेट्रोरसायन के आयात में वृद्धि हो रही है। रसायनों और पेट्रोरसायनों के आयात में यह वृद्धि बढ़ती हुई घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अपर्याप्त घरेलू उत्पादन क्षमता के कारण, देश में उत्पादन की तुलनात्मक रूप से उच्चतर लागत और तुलनात्मक रूप से छोटे पैमाने पर संचालन के कारण भी है।

(ग): सरकार की मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया (एमईआईएस) योजना के अंतर्गत निर्यात प्रोत्साहन बढ़ाने की कोई योजना नहीं है।

(घ) और (ड.): वर्तमान में, आयात में कटौती करने के लिए आयात शुल्क बढ़ाने का राजस्व विभाग में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****